**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 28.06.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार ने युवाओं में शासन के प्रति भरोसा कायम किया है।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।**
- **केन्द्र सरकार ने कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए पेड़ों की कटाई के मॉडल नियम जारी किये।**
- **राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के अनुसार एसीबी भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्यवाही कर रही है।**

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार ने युवाओं में शासन के प्रति भरोसा कायम किया है। वहीं पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने युवाओं के सपने तोड़ने का काम किया। श्री शर्मा आज जयपुर में 29वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले भामाशाहों की सराहना की।

...................

समारोह में 135 भामाशाहों और 91 प्रेरकों को सम्मानित किया गया। एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सहयोग देने वाले 35 भामाशाहों को शिक्षा विभूषण सम्मान, वहीं तीस लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक की मदद करने वाले सौ भामाशाहों को शिक्षा भूषण सम्मान से नवाज़ा गया।
विभिन्न जिलों में भी भामाशाह और प्रेरक सम्मान समारोह रखे गये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने विचारों, दर्शन और ज्ञान के कारण ही हजारों वर्षों से शाश्वत बना हुआ है। आज नई दिल्ली में प्रख्यात जैन संत आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती के समारोह का उद्‌घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है और इस शाश्वत दर्शन का स्रोत, देश के ऋषियों, संतों और आचार्यों में निहित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश की सांस्कृतिक धरोहरों और तीर्थ स्थलों का भी विकास कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार विकास और विरासत को एकसाथ लेकर आगे बढ रही है।

.................

शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री ने विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये 123वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध रहेगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

000

प्रधानमंत्री ने आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। श्री शुक्ला तीन अन्य विदेशी यात्रियों के साथ अमरीका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना होकर एक्सिओम–4 मिशन पर हैं।

000

प्रदेश में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत समाज के अंतिम छोर के पात्र वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान ग्राम पंचायतों में लगाए जा रहे शिविरों से बड़ी संख्या में लोगों को फायदा मिल रहा है। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, आवासीय पट्‌टे, प्रधानमंत्री आवासीय योजना में सहायता मंजूर करने के साथ ही ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों से जुड़े कई काम किये जा रहे हैं। श्रीगंगानगर जिले की गंगुवाला ग्राम पंचायत के जगजीत सिंह को बरसों बाद स्वामित्व योजना के तहत भूखण्ड का पट्टा मिला। इस पर जगजीत ने अभियान की सरहाना करते हुए सरकार का आभार जताया।

.................

डीग जिले के लाभार्थी ने बताया कि वे अपने मकान का पट्टा पाकर काफी खुश हैं।

000

केन्द्र सरकार ने कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम जारी किए हैं। कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए ये बदलाव किये गये हैं। इससे किसानों की आय में बढोतरी होगी, जलवायु परिवर्तन को रोकने में सहायता मिलेगी। वहीं लकड़ी के आयात में कमी लाने और भूमि के समावेशी उपयोग में भी मदद मिलेगी। ये नियम पेरिस समझौते के तहत भारत के जलवायु लक्ष्यों के पक्ष में हैं। पर्यावरण मंत्रालय ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में कहा है कि इनका उद्देश्य कृषि वानिकी में व्यवसाय को सुगम बनाना है।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने कहा है कि राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के अनुसार एसीबी भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्यवाही कर रही है। उन्होंने ब्यूरो की सशक्त पहचान में योगदान देने के लिएअधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। श्री मेहरडा आज जयपुर में एसीबी सम्मान समारोह में बोल रहे थे। समारोह में एसीबी के 224 अधिकारियों और कर्मचारियों को डीजी डिस्क और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। श्री मेहरडा ने कहा कि एसीबी हेल्पलाइन नम्बर 1064 और व्हाट्सअप नम्बर पर आम लोगों ने लगातार सूचनाएं दी हैं, जिससे ब्यूरो की कार्य क्षमता में बढोतरी हुई है।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भीलवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीणा को कार्यमुक्त कर दिया है। एसीबी महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि कल देर शाम जगराम के जयपुर स्थित आवास से 40 लाख रुपये से अधिक की नकदी और करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए गये। इसके साथ ही भीलवाडा से जयपुर आते समय उनके पास से साढे नौ लाख रुपये की संदिग्ध राशि बरामद की गई थी। श्री मेहरडा ने बताया कि जगराम पर पिछले कुछ समय से लगातार नज़र रखी जा रही थी। उन पर वित्तीय गड़बड़ियां करने और अवैध वसूलियां करने के आरोप हैं।

000

जुलाई महीने से कुछ अहम वित्तीय बदलाव लागू होने वाले हैं, जिनका सीधा असर बैंक ग्राहकों और व्यक्तिगत करदाताओं पर पड़ेगा।

000

प्रदेश में आने वाले दिनों में मॉनसूनी बारिश की गतिविधियों में बढोतरी की संभावना है। 2 जुलाई से सभी संभागों में कहीं–कहीं भारी और कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। अगले दो–तीन दिन पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बरसात के आसार हैं। इस बीच, भरतपुर में आज दोपहर बाद तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा 7 सेंटीमीटर पानी जैसलमेर में बरसा। प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से नदी नाले उफान पर हैं। बांधों में भी पानी की अच्छी आवक बनी हुई है। आज सबसे ज्यादा 7 सेंटीमीटर से अधिक पानी कोटा के जवाहर सागर बांध क्षेत्र में बरसा। राज्य के 692 बांधों में से 357 आंशिक रूप से भर गये हैं। वहीं 28 बांध लबालब हैं।

000

कल राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस है। इस अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में आयोजित किया जाएगा। सांख्यिकी विभाग के निदेशक विनेश सिंघवी ने बताया कि इस वर्ष की थीम राष्ट्रीय सैम्पल सर्वे के 75 वर्ष रखी गई है। उन्होंने बताया कि राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में सांख्यिकी वार्षिक प्रकाशन और राजस्थान के सतत विकास लक्ष्यों पर रिपोर्ट जारी की जाएगी। इसके साथ ही एसडीजी पर वेबसाइट 2.0 की भी शुरूआत की जाएगी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय सांख्यिकी अवॉर्ड भी प्रदान किये जाएंगे।

000

भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 78 प्रतिशत की कमी आई है, जो वैश्विक स्तर पर 61 प्रतिशत है। संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान रिपोर्ट के अनुसार, नवजात मृत्यु दर में भी वैश्विक स्तर पर 54 प्रतिशत की तुलना में, 70 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि टीकाकरण में सुधार पर लगातार ध्यान देने के साथ, भारत ने वंचित आबादी तक पहुँचने के लिए एक सक्रिय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है। भारत में हर साल 2 करोड़ 9 लाख गर्भवती महिलाओं और 2 करोड़ 6 लाख शिशुओं को मुफ्त टीके लगाये जाते हैं।

000

जोधपुर रेल मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास का काम तेजी से किया जा रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गये 508 स्टेशनों के शिलान्यास में मंडल का गोटन स्टेशन भी शामिल है। गोटन स्टेशन पर आधुनिक यात्री सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इनमें अतिथि कक्ष, वेटिंग हॉल, बुकिंग कार्यालय, पोर्च और नए शौचालय का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा नया पार्सल और इलेक्ट्रिक रूम तथा प्लेटफॉर्म शैल्टर बनाए जा रहे हैं।

000